एक नजर में

## 9 माह की बालिका को गोद से छीन कर ले जाने वाले आरोपी को 5 साल का कारावास



**बुरहानपुर।** प्रकरण में विशेष लोक अभियोजक/अतिण् जिला लोक अभियोजन अधिकारी रामलाल रन्धावे द्वारा अभियोजित महत्वपूर्ण बहुचर्चित प्रकरण में विशेष न्यायालय पॉक्सो एक्ट जिला बुरहानपुर द्वारा आरोपी पवन पाटील को धारा 9/10 पास्को एक्ट मैं 5 वर्ष का कारावास एवं 3000रूपये अर्थदण्ड धारा 137;2 बीएनएस मे 05 वर्ष कारावास एवं 1000 रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया।

विशेष लोक अभियोजकअति.जिला लोक अभियोजन अधिकारी रामलाल रन्धावे ने बताया किए कि बालिका की मां थाने आकर इस आशय की रिपोर्ट दर्ज कराई की दिनांक 01/012/2024 को को अपनी 9 माह की बालिका को गोद में लेकर ओटले पर बैठी थी तभी गांव का पवन पाटील लाया और उससे पूछने लगा कि क्या कर रही हो तो उसने कहा कि मेरी बच्ची की तबीयत ठीक नहीं है इसलिए उसे बाहर लेकर बैठी हूं तभी आरोपी उसकी गोदी में से बालिका को छीन कर ले गया तो वह चिल्लाई कुछ देर बाद उसका देवर आया जिसे उसने बताया कि गांव का पवन पाटिल बच्ची को छीन कर कहीं ले गया है उसका देवर बच्ची को गांव में आसपास ढूढ़ने लगा जो नहीं मिली फिर गांव की स्कूल के पास छोटे बच्चे की रोने की आवाज आ रही थी,अवकाश होने से स्कूल की छुट्टी थी उसके देवर ने स्कूल की टूटी हुई दीवार से स्कूल के अंदर जाकर देखा तो पवन पाटील अपने कपड़े उतार कर जमीन पर लेटा हुआ था और बच्चे को अपने ऊपर बुरी नीयत से बैठा कर रखा था फिर उसने बच्ची को उठाकर घर लाया इसके बाद थाने पर रिपोर्ट करने आए हैंए जिस पर से थाना शाहपुर मैं अपराध क्रमांक 751/2024अंतर्गत धारा 137;2, 74, 75;1 ;प बीएनएस एवं धारा 7/8 पास्को एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई अनुसन्धान पूर्ण कर अभियोग पत्र न्यायालय मैं पेश किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से सफलतापूर्वक पैरवी विशेष लोक अभियोजक/ अति.जिला लोक अभियोजन अधिकारी रामलाल रन्धावे द्वारा की गई जिसके पश्चात मान.यायालय द्वारा आरोपी पवन पाटील धारा 9/10 पास्को एक्ट मैं 5 वर्ष का कारावास एवं 3000 रूपये अर्थदण्ड ,धारा 137;2 बीएनएस 9/10 पोक्सो एक्ट मे 02वर्ष कारावास एवं 1000 रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## वन अधिकार अधिनियम एवं पेसा एक्ट : टास्क फोर्स समिति की बैठक




**बुरहानपुर।** वन अधिकार अधिनियम 2006 के क्रियान्वयन,प्रक्रिया एवं पेसा कानून के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु गठित टास्क फोर्स समिति की बैठक जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित रही। बैठक में कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने बुरहानपुर जिले की सामान्य जानकारी देते हुए वन अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन एवं पेसा एक्ट के तहत की गई गतिविधियों की जानकारी दी। टास्क फोर्स समिति में डॉ.शरदचंन्द्र लेले,कालूसिंह मुजाल्दे,डॉ. मिलिंद दाण्डेकर एवं राम डागोरे सदस्य के रूप में शामिल रहे। बैठक में डीएफ्ओ विद्याभूषण सिंह,जिला पंचायत सीईओ सुश्री लता शरणागत,प्रभारी सहायक आयुक्त श्रीमति पल्लवी पुराणिक सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक में विभिन्न बिन्दुओं पर विचार.विमर्श किया गया। समिति सदस्यों द्वारा सुझाव दिये गये। यह कहा गया किए बुरहानपुर जिले में वन संरक्षण एवं वनों की कटाई रोकना प्राथमिकता का विषय है। बैठक में यह सुझाव आये कि लोगों को अधिक.से.अधिक कानूनी जानकारी दी जाये। सकारात्मक दिशा में वनाधिकार समितियों के माध्यम से कार्य किये जाये। समिति सदस्यों की जानकारी लोगों तक रहे। जागरूकता एवं विश्वसनियता के साथ कार्यों में स्पष्टता रहें ताकिए लोगों को जानकारी मिल सके। मार्गदर्शिका वितरणए जागरूकता एवं प्रशिक्षण की भी बात कही गयी। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा किए समन्वयता एवं सकारात्मकता के साथ जिले में अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

## चार सदस्यीय दल के सामने वन अतिक्रमण के खिलाफ आक्रोश उपजा ,काफिला रोक कर कठोर कार्रवाई की मांग



**बुरहानपुर।** वनाधिकार कानून एवं पैसा कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए गठित चार सदस्यीय दल द्वारा बुरहानपुर जिले का भ्रमण किया गया । सबसे पहले उक्त दल ग्राम डबली कला पहुंचा जहां ग्रामीणों से वनाधिकार कानून की प्रक्रिया में क्या कठिनाई आ रही है के बारे में चर्चा की । दल के सदस्यों ने ग्रामीणों को वन अधिकार अधिनियम से संबंधित प्रावधानों से अवगत कराया और कहा के हम यहां पर ना तो पट्टा देने आए हैं और ना ही किसी का पट्टा निरस्त करने आए हैं जो जो लोग ये दावा कर रहे हैं कि वे 2005 के पूर्व से काबिज हैं उनको वन अधिकार पत्र क्यों नहीं मिला इसकी समीक्षा की जाएगी । इस दौरान वन समिति सोनूद के ग्रामीणों ने दल के सदस्यों का काफिला रोक कर अपात्र लोगों और अतिक्रमण के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की मांग की । इसके बाद दल नेपा नगर पहुंचा जहां नेपा नगर क्षेत्र के वन सुरक्षा समिति जिसमें मुख्यत हींहंतसं,चांदनी आदि समिति के सदस्यों ने नेपा मिल के रेस्ट हाउस पर वन वन अतिक्रमणकारियों के द्वार जो वन को नुकसान पहुंचाया और अपात्र व्यक्तियों द्वारा जो वनाधिकार हेतु आवेदन किए है उनको निरस्त करने की कार्यवाही की जाने की मांग की। जिसके बाद टास्क फोर्स दल जिला पंचायत बुरहानपुर पहुंचा जहां जंगल बचाओ समिति द्वारा अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की और बाहरी जिलों से आए अतिरक्रमकारियों को बाहर करने की मांग रखी।

## कथा में हुआ शिव पार्वती विवाह प्रसंग



**नेपानगर।** मनोज टॉकिज परिसर में पिछले कुछ दिनों से श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन चल रहा है जिसमें शहर के अलावा आसपास के क्षेत्रों से भी काफी संख्या में लोग पहुंचकर कथा का लाभ ले रहे हैं। शनिवार को कथा का पांचवां दिन था। इस दौरान यहां गोपाल कृष्ण गोस्वामी ने कहा श्रावण मास में कथा सुनने से काफी पुण्य मिलता ह। उन्होंने शिव पार्वती विवाह का प्रसंग सुनाया। साथ ही शिवजी की बारात भी निकली। कथा का समापन कल 28 जुलाई को शाम 5 बजे होगा।

# बुरहानपुर जनपद वार्ड नंबर 9 उपचुनाव में भाजपा समर्थित विनोद चौकसे विजयी

**नवभारत न्यूज,**

**बुरहानपुर।** बुरहानपुर जनपद पंचायत वार्ड क्रमांक 9 की सदस्य श्रीमती तृप्ति पति विनोद चौकसे के निधन से रिक्त हुई इसी वार्ड के चुनाव में मतदान 25 जुलाई को शांति पूर्वक संपन्न हुआ था। आज सुबह शुरू हुई मतगणना में त्रिकोणीय मुकाबले में पूर्व वार्ड सदस्य के पति विनोद चौकसे भाजपा समर्थित ने भारी मतों से विजय हासिल कर ली। बुरहानपुर जिले के ग्राम बहादरपुर जनपद पंचायत सदस्य के उपचुनाव में विनोद चौकसे को शानदार विजय पर विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस ने दी बधाई और शुभकामनाएं।





**बुरहानपुर रेलवे स्टेशन पर कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत:–** यह जीत भारतीय जनता पार्टी की नीतियों, कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता जनार्दन के आशीर्वाद का प्रतिफल है। बहादरपुर के समस्त कार्यकर्ताओं एवं सम्मानित मतदाताओं को मन से कोटि.कोटि आभार।

बतादे कि बहादरपुर गांव की जनता ने एक बार फिर अपने विश्वास का इज़हार किया है। जनपद पंचायत सदस्य पद के उपचुनाव में भाजपा समर्थित उम्मीदवार विनोद चौकसे ने जबरदस्त जीत दर्ज की। उन्होंने कुल 2,161 वोट हासिल कर न सिर्फअपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी इदरीस खान 1,836 वोट को पछाड़ा, बल्कि पूरे चुनावी समीकरण को स्पष्ट कर दिया कि बहादरपुर अब भी चौकसे परिवार के साथ खड़ा है। तीसरे स्थान पर योगेश सोनवणे रहे जिन्हें 872 मत मिले। चौकसे 325 वोटों से जीत दर्ज करने में सफ्ल रहे।

बहादरपुर की इस सीट के लिए कुल 7,773 मतदाताओं में से 4,931 लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग कियाए जो कि कुल मतदान का लगभग 63.4 प्रतिशत है। इनमें 62 मतदाताओं ने नोटा का बटन दबाया। मतदान शांतिपूर्ण माहौल में हुआ और ईवीएम से मतगणना शनिवार सुबह जनपद पंचायत सभागृह में संपन्न हुई। तहसीलदार प्रवीण ओहरिया ने मतगणना की निगरानी की। यह उपचुनाव सिर्फ एक राजनीतिक प्रक्रिया नहीं थी,बल्कि एक भावनात्मक जंग थी। यह सीट विनोद चौकसे की पत्नी तृप्ति चौकसे के असामयिक निधन के कारण रिक्त हुई थी। तृप्ति ने जनपद स्तर पर जो पहचान बनाई थीए उसे आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी अब विनोद चौकसे के कंधों पर आ गई है। जीत के बाद भावुक होते हुए चौकसे ने कहा यह सिर्फमेरी जीत नहीं है,ये बहादरपुर की जनता की भावना है। मैं तृप्ति की अधूरी योजनाओं को पूरा करूंगा। जनता की हर उम्मीद पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा।

भाजपा समर्थकों के लिए यह जीत सिर्फ एक राजनीतिक सफ्लता नहींए बल्कि संगठन की ताकत और जमीनी स्तर पर किए गए कार्यों का परिणाम है। जनपद पंचायत बुरहानपुर के अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप पाटील ने कहा विनोद जी की जीत कार्यकर्ताओं की मेहनत और संगठन की एकजुटता का प्रमाण है। ये जनसेवा की जीत है।

## गरीब बस्ती में जाकर जायंट्स सहेली ग्रुप ऑफ बुरहानपुर द्वारा कपड़ों का वितरण



**नवभारत न्यूज,**

**बुरहानपुर।** जॉयट्स सहेली ग्रुप ऑफ बुरहानपुर द्वारा ढाबा गांव में जाकर गरीब बच्चों, महिला और आदमियों को कपड़े वितरण किए गए। कपड़े देख बच्चों और महिलाओं के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ पड़ी। अध्यक्ष अंजू काटरवार ने कहा कि शहर के सभी आम जन अपने उपयोग में नहीं आने वाले कपड़ों को एकत्रित कर गरीब बस्ती में जाकर बच्चों को बड़ों में कपड़े बांट देने चाहिए । जिससे गरीब परिवार की ज़रूरतें भी पूरी होगी और उन गरीब बच्चे बड़ों की तरफ से आप लोगों को दुआएं भी मिलेगी। इस अवसर पर अध्यक्ष अंजू काटरवार , उपाध्यक्ष सरोज ठाकुर ,सचिन मंगल दुबे ,कोषाध्यक्ष प्रेमलता साकले ,संस्था की सदस्य मंदा मोर आदि उपस्थित है।

## श्री सकलपंच गुजराती समाज मोढ़ेश्वरी महिला मंडल द्वारा आनंद मेला





**नवभारत न्यूज,**

**बुरहानपुर।** श्री सकलपंच गुजराती समाज के तत्वावधान में मोढ़ेश्वरी महिला मंडल द्वारा शनवारा रोड स्थित गुजराती वाढ़ी में आनंद मेले का आयोजन किया गया। करीब 30 महिलाओं द्वारा स्टॉल लगाकर व्यंजन,वस्त्रों के साथ भगवान की पोशाक की दुकान लगाई गई। जिसमें डिस्काउंट रेट पर समाज बंधुओ को लिए स्टॉल लगाए गए। गुजराती मोदी चाय का स्टाल भी नजर आया। जिस पर कुल्हड़ में चाय लेकर बारिश के मौसम में सभी ने आनंद लिया।

बुरहानपुर में श्री सकलपंच गुजराती मोढ वणिक समाज के तत्वावधान में मोढ़ेश्वरी महिला मंडल द्वारा संचालित आनंद मेला उत्सव के इस आयोजन में करीब 60 महिलाओं द्वारा 30 स्टॉल लगाकर व्यंजनों और वस्त्र तथा भगवान की पोशाको की दुकान लगाई गई। जिसमें डिस्काउंट रेट पर समाज बंधुओ को लिए बिक्री व्यवस्था रखी गई। जिसका समाज बंधुओ ने खूब लुफ्त उठायाए यहां मोदी चाय का स्टाल भी नजर आया जिस पर कुल्हड़ में चाय लेकर बारिश के मौसम में सभी ने आनंद लिया ।

श्री सकल पंच गुजराती मोढ़ वणिक समाज के तत्वावधान में मोढ़ेश्वरी महिला मंडल द्वारा आयोजित इस आनंद मेले में पानी पुरी,भुट्टा चाट और विभिन्न व्यंजनों के स्टॉल भी सजाए गए यहां पंजाबी गुजराती साड़ियों के लिए भी स्टॉल लगाए गए, यही नहीं इंस्टॉल्स पर डिस्काउंट रेट पर व्यंजनों को समाज बंधुओ के लिए परोसा गया। इस अवसर पर समाज अध्यक्ष रमेश दलाल सचिव उपेंद्र गुजराती सहित पदाधिकारी ने इस आनंद मेले का निरीक्षण कर लुफ्त भी उठाया एवही मोढ़ेश्वरी महिला मंडल की आरती शाह ,जय बेन शाह ,मीना दलाल,अनीता मोदी,मृदुला शाह अन्य महिलाओं ने मिलकर इस आनंद मेले का आयोजन किया इस आनंद में लेकर आयोजनकर्ताओं ने भी डिस्काउंट रेट पर दाल पकवान जैसे व्यंजन का स्टाल लगाया। कृष्णा जन्माष्टमी के लिए भगवान कृष्ण के सज्जा का सामान भी समाजजनों ने खूब खरीदा । गुजराती समाज अध्यक्ष रमेश दलाल,उपाध्यक्ष आरती शाह, सचिव उपेंद्र गुजराती सहित बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। इस दौरान महिला मंडल की आरती शाह,उमा चौधरी,जया शाह,मीना दलाल, अनीता मोदी,सविता सुगंधी, प्रेमलता गुप्ता और संध्या शाह आदि उपस्थित थे।

## विद्यार्थी परिषद चुनाव, विद्यार्थियों ने जानी लोकतांत्रिक चुनावी प्रक्रिया

**नवभारत न्यूज,**

**बुरहानपुर।** शहर की सुप्रसिद्ध शिक्षण संस्था ट्रायम्फ्ल आर्च एकेडमी में विद्यार्थी परिषद चुनाव संपन्न हुए जिसमें कक्षा 6 वीं से 12 वीं तक के विद्यार्थियों ने अपने मताधिकार का उपयोग कर शाला के हेड बॉय एवं हेड गर्ल को चुना।



शाला में विद्यार्थी परिषद के वरिष्ठ पदों पर नियुक्त होने हेतु लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत 7 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दाखिल किया एवं अपना घोषणा पत्र जारी कर अपने लिए वोट मांगकर वोट जुटाए। तत्पश्चात मुख्य निर्वाचन अधिकारी के रूप में नियुक्त हुए शिक्षक शैलेन्द्र खै़रनार के मार्गदर्शन में बैलेट पेपर के माध्यम से डाले गए वोटों की गिनती की गई।

संस्था चेयरमैन कमलेश पटेल, संस्था सचिव श्रीमति नम्रता पटेल एवं संस्था प्राचार्य प्राचार्य डॉ.मनुभाई पटेल द्वारा चुनाव के परिणामों की घोषणा की गई एवं मीत चौधरी को हेड बॉय,भावेश महाजन को डिप्टी हेड बॉय, वृंदा जोशी को हेड गर्ल एवं दिव्या चौधरी को डिप्टी हेड गर्ल चुने जाने पर बधाई दी गई।

संस्था के चेयरमैन कमलेश पटेल ने बताया कि चुनाव के माध्यम से विद्यार्थि परिषद के वरिष्ठ पदों का चयन करने का मुख्य उद्देश्य भारत की लोकतांत्रिक चुनावी प्रक्रिया से अवगत कराना था एवं इसकी पारदर्शी प्रक्रिया का महत्व बताना था।

संस्था सचिव नम्रता पटेल द्वारा बताया गया कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है एवं कक्षा 6 वीं से ही राजनीति कोर्स का हिस्सा होता हैं। किताबों से ज्यादा विद्यार्थी विषय के व्यवहारिक ज्ञान से सहजता से सीखते हैं। आज विद्यार्थियों में वास्तविकता में चुनाव की प्रक्रिया में भाग लेने हेतु उत्साह देखने को मिला है।

## प्रसिद्ध ज्वेलर्स व्यवसायी मुकेश श्रॉफ का निधन

**नवभारत न्यूज,**

**बुरहानपुर।** बुरहानपुर के प्रमुख सोने चांदी के प्रसिद्ध व्यापारी गोविंददास श्राफ के मुकेश भाई सराफ का शनिवार को इंदौर में निधन हो गया। उनका पार्थिव शरीर शाम तक बुरहानपुर लाया गया। बतादे कि अपनी मधुर वाणी से जाने व पहचाने जाने वाल, अच्छे व्यक्तित्व के धनी,सबसे मिलनसार एवं समाजसेवी और सराप्फ़ा व्यवसायी मुकेश भाई श्रॉफ जो कि गोविंददास सराफ एंड संस के मालिक थे।



उनका शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 27 जुलाई 2025 रविवार सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान राजपुरा वार्ड से सतीयारा घाट जाकर अंतिम संस्कार होगा। उक्त जानकारी परिवार के रमेश सराफ एवं अशोक सराफ द्वारा दी गई।

## वार्ड नंबर 16 में गाय की करंट लगने से मौत



**नवभारत न्यूज,**

**नेपानगर।** वार्ड नंबर 16 में शनिवार सुबह एक गाय की करंट लगने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर बिजली कंपनी की टीम मौके पहुंची और सुधार कार्य कराया। बताया जा रहा है कि यहां स्ट्रीट लाइट से नगर पालिका ने कनेक्शन लिया था जिसका वायर बिजली के खंभे से टकराने पर वह खंभे से टकराया और तभी गाय उससे टकराई जिसके कारण उसकी मौत हो गई। बिजली कंपनी की ओर से इसकी जांच की जा रही है। सुधार कार्य कराने के बाद क्षेत्र की लाइट चालू कराई गई। गनीमत रही कि इससे किसी तरह की जनहानि नहीं हुई।

## नशे से दूरी है जरूरी पर विद्यार्थियों को किया जागरूक

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र पाटीदार के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतरसिंह कनेश के नेतृत्व में जिला बुरहानपुर में प्रतिदिन जनजागृति कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। आज दिनांक 26/07/2025 को जिला बुरहानपुर में आयोजित किए गये कार्यक्रमों की जानकारी इस प्रकार है।



**नेहरु मोंटेसरी सीनियर सेकेण्डरी स्कुल बुरहानपुरः–**नेहरु मोंटेसरी सीनियर सेकेण्डरी स्कुल बुरहानपुर में में आज पेंटिंग,रंगोली, नुक्कड़ नाटक एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक श्री देवेन्द्र कुमार पाटीदार व्दारा उपस्थित स्कूली छात्रों एवं अध्यापकों को संबोधित करते हुए नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया। उपस्थित जन समूह को नशे से दूर रहने और अन्य नशे में लिप्त सगे.संबंधियों को भी नशे से मुक्त कराने के उपाय बताये गये। पुलिस अधीक्षक व्दारा हेल्पलाईन नम्बरों एवं नशा मुक्ति केन्द्रों के बारे में विस्तार से बताया गया। उपस्थित छात्र.छात्राओं एवं अध्यापको को नशा मुक्ति संबंधी शपथ दिलाई गई। पुलिस अधीक्षक व्दारा विद्यार्थियों की बनाई गई पेंटिंग,रंगोली का निरीक्षण कर पेंटिंग के लिए बच्चों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र.छात्राओं व्दारा मानव श्रंखला निर्मित की गई। स्कुली छात्रों व्दारा नशे से होने वाले दुष्प्रभावो को बताते हुए रोचक नाटक का मंचन किया गया।

इस कार्यक्रम में उप पुलिस अधीक्षक महिला शाखा प्रीतम सिंह ठाकुर, निरीक्षक विक्रम चौहान,सर्व सेवा संकल्प समिति एनजीओ के अध्यक्ष डॉ मनोज अग्रवाल,माधव बिहारी अग्रवाल स्कूल ट्रस्टी व समाज सेवी, नेहरु मोंटेसरी सीनियर सेकेण्डरी स्कुल की प्राचार्य सिस्टर मर्सी जॉन, उपनिरीक्षक महेन्द्र उईके अन्य उपस्थित रहे।

**ट्राईम्फल आर्च अकेडमी बुरहानपुरः–** ट्राईम्फ्ल आर्च अकेडमी बुरहानपुर में थाना प्रभारी यातायात सुबेदार नागेन्द्र ठाकुर द्वारा छात्र/छात्राओं एवं अध्यापको कों नशे से दूरी है जरूरी अभियान अंतर्गत नशे के कुप्रभावों को बताते हुए नशे से दूरी का संदेश दिया गया। विद्यालय के छात्र.छात्राओं के बीच नशा मुक्ति थिम पर पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गयी। व्याख्यान के दौरान विभिन्न हेल्पलाईन नम्बरों एवं नशा मुक्ति केन्द्रों के बारे में विस्तार से बताया गया।

**सफाई मित्रों का सम्मान** शाहपुर नगर परिषद को राष्ट्रीय स्तर 36वां , इंदौर संभाग में द्वितीय ,राज्य स्तर पर 212 नगर परिषदों में से 40वां स्थान

# विधायक चिटनिस ने सफाई मित्रों का पैर धोकर और पुष्प वर्षा कर किया सम्मान

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** शनिवार को स्वच्छ सर्वेक्षण 2024.25 के परिणाम में ऐतिहासिक सफलता पर बुरहानपुर के शाहपुर परिषद के सभी सफाई मित्रों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि क्षेत्र की लोकप्रिय विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस सहित समस्त जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिकगण शामिल हुए। इस अवसर पर श्रीमती चिटनिस ने सफ्ई मित्रों का पैर धोकर और पुष्प वर्षा कर उनका सम्मान किया। साथ ही उन्हें स्टील के बर्तन और वर्षा से बचाव हेतु रेनकोट का वितरण भी किया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस ;दीदीद्ध ने कहा कि आज बुरहानपुर विधानसभा के शाहपुर नगर पंचायत में आयोजित सफ्ई मित्र सम्मान समारोह में सहभागिता कर हम अपने सफाई मित्रों के प्रति आभार व्यक्त करने आए हैं। जिनके उल्लेखनीय योगदान से शाहपुर नगर ने स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार 2024.25 में शानदार प्रदर्शन करते हुए इंदौर संभाग में 20 हजार से कम जनसंख्या वाले शहरों में द्वितीय स्थान,राष्ट्रीय स्तर पर 2035 नगरीय निकायों में से 36वां स्थानए राज्य स्तर पर 212 नगर परिषदों में से 40वां स्थान तथा इंदौर संभाग में 5वां स्थान हासिल कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। हमारे सफाई मित्र इस स्वच्छता अभियान के सच्चे नायक हैं जिनके अथक प्रयासों के कारण ही शाहपुर ने यह गौरवशाली उपलब्धि हासिल की है तथा यह सम्मान उन सभी सफाई मित्रों और जागरूक नागरिकों के संकल्प और समर्पण की सशक्त अभिव्यक्ति है। इस उपलब्धि में स्वच्छता दीदियों और सफाई मित्रों का अमूल्य योगदान है,जिसके लिए वे अभिनंदन के पात्र हैं। साथ ही इसके लिए शाहपुर नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती साधना वीरेन्द्र तिवारी और उपाध्यक्ष श्रीमती रजनी गोपाल चौधरी सहित समस्त पार्षदगण समस्त जनप्रतिनिधि व नगरवासी बधाई के पात्र हैं।

श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि मैं शाहपुर नगर परिषद,हमारे सफाई मित्र और शाहपुर की जनता को बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए आशान्वित हूँ कि शाहपुर नगर परिषद स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार में अगले वर्ष अपना परचम लहराकर राष्ट्रीय स्तर पर सर्वोच्च स्थान को छुए। श्रीमती चिटनिस ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में शाहपुर ने जो उपलब्धियां हासिल हुई हैंए उसकी नींव की पत्थर हमारी स्वच्छता दीदियां और सफ्ई मित्र ही हैं। स्वच्छता सेवा और समर्पण का काम है जिसे ये पूर्ण मनोयोग से कर रही हैं। आने वाले समय में शाहपुर को सबसे साफसुथरा शहर बनाने के लिए हम सभी गंभीरता और सक्रियता से काम करेंगे।

शाहपुर नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती साधना वीरेन्द्र तिवारी ने बताया कि शाहपुर नगर को स्वच्छ और सुंदन बनाने हेतु विधायक अर्चना दीदी का अहम योगदान है। उनके द्वारा समय.समय पर दिए गए मार्गदर्शन और नेतृत्व से ही क्षेत्र का विकास और तरक्की सुनिश्चित हो रही है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में शाहपुर नगर परिषद द्वारा सफाई मित्रों के सहयोग से नगर से उत्पन्न कचरे का निपटान किया गया। शहर के पूरे 15 वार्डों से प्रतिदिन कचरा संग्रहण किया गया। सार्वजनिक एवं व्यावसायिक क्षेत्रों में सतत् सफ्ई की गई। पुराने कबाड़े से अनेक वस्तुएं बनाकर निकाय के प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित की गई। अनेक गतिविधियों के माध्यम से जन जागरूकता कार्यक्रमों का निरंतर संचालन कर शहरवासियों में स्वच्छता के प्रति व्यवहार परिवर्तन किया गया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ.मनोज माने, पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज लधवे, भाजपा उपाध्यक्ष वीरेन्द्र तिवारी, रामभाउ सोनवणे, काशीनाथ डांबर, विनोद चौधरी,पवन बड़ोलेउस्थित रहे।